आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.10.2018

राष्ट्रीय एकता दिवस अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर में विशाल "रन फॉर यूनिटी" मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने झंडा दिखाकर किया।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने संबोधन मे कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश को एकीकृत करने में उल्लेखनीय योगदान किया है और वर्तमान भारत उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचायक है । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिटी शब्द का महत्व हीं अपने आप में अद्वितीय है। यूनिटी का मतलब एकता, एकता किसी भी देश के विकास का, देश के सौंदर्य का, देश के उद्धार को मूल मंत्र है। उन्होंने यह भी कहा कि "रन फॉर यूनिटी" मैराथन दौड़ का उद्देश्य देश के युवाओं को एकता के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करना व राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुँचाना है। साथ हीं उन्होंने अपील किया कि हम सभी लोग राष्ट्रीय एकता व अखंडता का अक्षुण्ण बनायें रखने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आरेडिका में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का आयोजन भी किया गया जिसमें महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली ।

यह आयोजन आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल-कूद संघ शाखा द्वारा आयोजित किया गया था।

इस आयोजन मे आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान आरेडिका, रायबरेली के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनूप कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री ए.के. पाण्डेय, आरेडिका खेल-कूद संध अध्यक्ष श्री दावा छेरिंग व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

(आर. पी. शर्मा) 31/10
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी